दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 05 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

विधानसभा में आज से वित्तीय वर्ष– दो हजार पच्चीस–छब्बीस के बजट पर चर्चा की शुरूआत हुई है। भोजनावकाश के बाद विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि सदन में आज और कल बजट पर दो सौ चालीस मिनट चर्चा होगी। इससे पहले आज सुबह सदन में प्रश्नकाल के दौरान राजद विधायक मुकेश यादव ने गंगा जल की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राज्य में किसी भी जगह गंगा का पानी न तो पीने और न ही नहाने के लायक है। उन्होंने गंगा जल दिखाते हुए विधानसभा कमिटी से इसकी जांच करवाने का आग्रह किया। इस पर सरकार की ओर से कहा गया है कि गंगा के पानी को साफ करने का काम जारी है। इधर, आज सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले बीपीएससी की सत्तरवीं संयुक्त एकीकृत प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा फिर से करवाने की मांग को लेकर राजद और कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने विधानमंडल परिसर में प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राजद के बर्खास्त विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह की विधान परिषद सदस्यता फिर से बहाल कर दी गयी है। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने आज सदन में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार उन्हें बर्खास्त रहने की अवधि के वेतन और अन्य भत्तों का लाभ नहीं मिलेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भाव–भंगिमा की नकल करने के आरोप में सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त कर दी गयी थी। विधान परिषद के इस फैसले को उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत तीन लाख लाभार्थी परिवारों के बीच प्रथम किस्त की राशि अंतरित की। श्री कुमार ने लाभार्थी परिवारों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से एक हजार दो सौ करोड़ रूपये भेजे। प्रथम किस्त के रूप में प्रति परिवार चालीस हजार रूपये दिये गये हैं। इस

अवसर पर श्री कुमार ने लाभुक परिवारों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का सही ढंग से कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

---

पंचायती राज मंत्रालय ने आज आदर्श महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत पहल की शुरुआत की। पंचायती राज राज्य मंत्री एस. पी. सिंह बघेल ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि यह पहल मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत की स्थापना करना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।

---

पटना स्थित ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विकास और सामाजिक परिवर्तन संस्थान में आज विकसित बिहार की नींव– बजट दो हजार पच्चीस विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में भाग लेते हुए उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र के बजट के बाद राज्य के बजट में भी कृषि के साथ–साथ शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में आधारभूत संरचना के विकास पर बल दिया गया है। साथ ही महिला सशक्तिकरण और युवा वर्ग के लिए बजट में कई प्रावधान किये गये हैं।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज दानापुर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित मेगा एमएसएमई कैंप का उद्‌घाटन किया। इस दौरान उन्होंने जीविका दीदी समूह, एमएसएमई और अन्य क्षेत्रों के चिन्हित लाभार्थियों के बीच चालीस करोड़ रूपये के ऋण वितरित किये।

---

पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में आज राजद की ओर से युवा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। उन्होंने

युवाओं से इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में एकजुटता दिखाते हुए सत्ता परिवर्तन की अपील की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।